संख्या 43 / XII / 2011 / 82(01) / 2011

प्रेषक,

राजीव चन्द्र,
सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
टिहरी गढ़वाल / चमोली / चम्पावत।

पंचायतीराज अनुभागः देहरादून दिनांक 14 जून, 2011

विषयः– पिछडा क्षेत्र अनुदान निधि (बी0आर0जी0एफ0) के अन्तर्गत विकास निधि हेतु वित्तीय वर्ष 2010–11 की कार्ययोजना के लिये प्रथम किश्त की धनराशि की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–N-11019 / 391 / 2010-BRGF दिनांक 08–04–2011के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पिछडा क्षेत्र अनुदान निधि (बी0आर0जी0एफ0) के अन्तर्गत विकास निधि हेतु भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2010–11 की कार्ययोजना हेतु धनराशि अवमुक्त की गयी है। जनपद चमोली हेतु रू. 16.19 करोड़, चम्पावत हेतु रू 11.63 करोड़ एवं टिहरी गढ़वाल हेतु रू. 14.03 करोड़ अर्थात् कुल रू. 41.85 करोड़ (रू. इकतालिस करोड़ पिचासी लाख मात्र) की धनराशि के सापेक्ष भारत सरकार द्वारा प्रथम किश्त के रूप में क्रमशः जनपद चमोली हेतु रू. 14.57 करोड़, चम्पावत हेतु रू 10.17 करोड़ एवं टिहरी गढ़वाल हेतु रू. 12.62 करोड़ अर्थात् कुल धनराशि रू. 37.66 करोड़ (रू. सैतीस करोड़ छाछठ लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में प्राविधानित धनराशि व्यय हेतु आपके निवर्तन पर रखने की निम्न प्रतिबन्धों के अधीन श्री महामहिम राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

1– उक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग योजना आयोग भारत सरकार द्वारा पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के लिये निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही किया जायेगा।

2– उक्त आवंटित धनराशि को ऐसे मद पर व्यय करने से पूर्व बजट मैनुअल के अन्तर्गत शासन या सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, तो ऐसा व्यय, स्वीकृति प्राप्त करके ही किया जाये। स्वीकृत धनराशि का व्यय भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों / मार्ग निर्देशक सिद्वान्त के अनुसार ही सुनिश्चित किया जायेगा।

3– स्वीकृत धनराशि की योजनावार आवंटन की सूचना शासन को एक माह के भीतर उपलब्ध करायी जाय धनराशि के व्यय का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन, भारत सरकार एवं महालेखाकार को यथासमय उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायें।

4– स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिशा निर्देशों के अनुसार पूर्ण उपयोग कर इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप पर शासन एवं योजना आयोग, भारत सरकार को उपलब्ध कराया जायेगा।

5– यह सुनिश्चित किया जाये कि स्वीकृत धनराशि को व्यय करते समय बजट मैनुअल, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति / प्रौक्योरमेन्ट रूल्स, 2008 तथा भारत सकरार द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों (योजना की गाइड लाईन्स) का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

6– भारत सरकार द्वारा योजना मद से 5 प्रतिशत कार्यालय व्यय हेतु अनुसांगिक व्यय अनुमन्य किया गया है, जिसमें से 4 प्रतिशत धनराशि जिले स्तर पर तथा 1 प्रतिशत राज्य स्तर में गठित BRGF सेल हेतु व्यय सुनिश्चित किया जायगा।

7– जो योजनायें प्लान प्लस में अपलोड करते हुए भारत सरकार को भेजी गयी है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाय। जिस मद हेतु जिला योजना समिति द्वारा धनराशि अनुमोदित की **गयी है यह धनराशि उसी यौजना में व्यय की जायेगी। किसी भी स्थिति में अपवर्तन / परिवर्तन नही** की जायेगी।

8— कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्वता हेतु संबंधित जनपद के कार्यदायी संस्था पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें।

9— अवमुक्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण—पत्र प्रत्येक माह की 25 तारीख तक उपलब्ध कराने के साथ ही कार्य की प्रगति से समय समय पर शासन को अवगत कराया जाए।

10 अवमुक्त की धनराशि का पूर्ण उपयोग माह अगस्त, 2011 तक कर लिया ताकि माह सितम्बर, 2011 से आगामी वर्ष 2011—12 की कार्ययोजना कियान्वित हो सकें।

11— इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2011—12 के अनुदान संख्या 19 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2515—अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम—101—पंचायतीराज—01—केन्द्रीय आयोजनागत /केन्द्रपुरोनिधानित योजना—104—पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि—42—अन्य व्यय से (जनपद चमोली हेतु रू. 11.51 करोड़, चम्पावत हेतु रू. 8.28 करोड़ एवं टिहरी गढ़वाल हेतु रू. 10.06 करोड़) रू. 29.85 करोड़ (रू. उनतीस करोड़ पिचासी लाख मात्र), अनुदान संख्या 30 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2515—अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम—101—पंचायतीराज—01—केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा केन्द्रपुरोनिधनित योजनायें—0101—पिछड़ा क्षेत्र अनुदान—42—अन्य व्यय से (जनपद चमोली हेतु रू. 2.62 करोड़, चम्पावत हेतु रू. 1.88 करोड़ एवं टिहरी गढ़वाल हेतु रू. 2.27 करोड) रुपये 6.77 करोड़ (रू. छः करोड़ सतहत्तर लाख मात्र) तथा अनुदान संख्या 31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2515—अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम—00—796—जनजाति क्षेत्र उपयोजना—11—पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि—20—सहायक अनुदान/अंशदान/राज से (जनपद चमोली हेतु रू. 0.44 करोड़, चम्पावत हेतु रू. 0.31 करोड़ एवं टिहरी गढ़वाल हेतु रू. 0.29 करोड) रू. 1.04 करोड़ (रू. एक करोड़ चार लाख मात्र) की धनराशि सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जाएगा।

8. यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या—70(P)/XXVII(4)/2011, दिनांक 13 जून, 2011 द्वारा प्राप्त निर्देशों अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

(राजीव चन्द्र)
सचिव ।

संख्या/31/XII/01/82(01)/2011 टी०सी०—1 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी उत्तराखण्ड, ओबराय मोटर्स विल्डिंग, सहारनपुर रोड, देहरादून।
2. विशेष सचिव, पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. प्रमुख सचिव, नियोजन, उत्तराखण्ड शासन।
4. आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
5. मुख्य विकास अधिकारी, टिहरी गढवाल/चमोली/चम्पावत।
6. निदेशक, पंचायतीराज, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी टिहरी गढ़वाल/चमोली/चम्पावत।
8. निजी सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड को मा0 मुख्यमंत्री के संज्ञानार्थ।
9. श्री एल0एम0 पन्त, अपर सचिव, वित्त, बजट प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन।
10. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, लक्ष्मी रोड़, देहरादून/वित्त—1।
11. विभागीय पत्रावली/समन्वयक, एन0आई0सी0, सचिवालय, देहरादून।
12. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(सी0एम0एस0बिष्ट)